Statement

Name and addresses of foreign manufacturers of Technical Grade and Formulation pesticides registered for import under Section 9(3B) exclusively for export purposes

Produce Name	Name of the Foreign Manufacturers/Suppliers
Sethoxydim Tc. . .	Nippon Soda Co. Limited, Tokyo-1 100, Japan.
Hexythiazox Tech.	Nippon Soda Co. Limited, Agro Pharm Division, 2—1, 2 Chome, Tokyo—100, Japan.
Esfenvaslerate Tech.	Sumitomo Chemicals Co. Ltd.. Osaka, Japan.
Fluzifop Tech.	Imperial Chemical Industries, FLC, ICI, Agro Chemicals, U.K.
Proporgite Tech.	Uniroyal Chemicals Co. Inc. Co.,'World Hqrs., Middle Bury, CT—06749, U.S.A.

सघन कृषि तथा अनुसंधान-कार्य और विश्व बैंक की परियोजना

4417. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1989-90 से 1992–93 तक सघन कृषि तथा अनुसंधान-कार्य के संवर्धन हेतु विश्व बैंक की परियोजना के अंतर्गत विश्व बैंक से, वर्ष-वार, कुल कितनी धन-राशि प्राप्त हुई है और राज्य-वार कितनी धनराशि व्यय की गई ;

(ख) उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त हुई धनराशि को खर्च करने के लिए चुनी गई मदों का ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में निर्धारित किए गए लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मध्य प्रदेश तथा उड़ीसा में उन जिलों तथा क्षेत्रों के नाम क्या-क्या हैं, जहां उक्त योजनाओं को कार्यान्वित नहीं किया जा सका तथा उन जिलों के मामले में प्राप्त लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है जिनमें उपरोक्त योजनाओं को कार्यान्वित किया गया है ?

गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री और कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस. कुमार) : (क) भा०कृ०अनु०प० विश्व बैंक की सहायता से राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रायोजना (नाप) को कार्यान्वित कर रही है। वर्ष 1989-90 से 1992-93 के दौरान विभिन्न राज्य कृषि विश्व विद्यालयों भा०कृ०अनु०प० के संस्थानों को दी गई राशि और इन राशियों के बदले विश्व बैंक से जो रकम प्राप्त की गई उसका ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

(रुपए मिलियन में)

क्र० संख्या	वर्ष	जारी की गई राशि	विश्व बैंक से प्राप्त राशि
1.	1989–90	110.220	70.430
2.	1990–91	231.491	180.159
3.	1991–92	265.550	217.760
4.	1992–93	416.315	347.463
	कुल योग	1023.576	815.812

धनराशियों का राज्यवार वितरण विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिये)**

(ख) स्थान विशेषे अनुसंधान तथा आवश्यकता पर आधारित अनुसंधान के लिए राज्य कृषि विश्वविद्यालयों की क्षेत्रीय अनुसंधान क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए कोष जारी किए गए हैं। प्रयोगशाला भवनों का निर्माण, वैज्ञानिक और सहायक कर्मचारियों के लिए आवासीय मकानों का निर्माण, फार्मों का विकास, आनुषंगिक प्रयोगशालाओं का संचालन, कृषि उपकरण, किताबों की खरीद, वैज्ञानिक और सहायक कर्मचारियों की व्यवस्था में कुछ ऐसे घटक हैं, जिन्हें सुदृढ़ करना है। ये कोष संभवतः सितम्बर, 1994 तक उपयोग में लाये जायेंगे जो प्रायोजना की समाप्ति की तिथि है। उस तिथि तक प्रायोजना समाप्त न होने पर विश्व बैंक द्वारा इसकी अवधि बढ़ायी जा सकती है ।

(क) राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रायोजना कृषि जलवायवीय क्षेत्रों के आधार पर कार्य करती है न कि जिलों के आधार पर। प्रत्येक क्षेत्र में एक या अधिक जिले होते हैं । राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रायोजना के कार्यान्वयन के लिए 120 कृषि जलवायवीय क्षेत्रों का पता लगाया गया है जिसके तहत सम्पूर्ण भारत के जिले आ जाते हैं। मध्य प्रदेश और उड़ीसा को क्रमशः 12 और 10 जलवायवीय क्षेत्रों में बांटा गया है जिसके तहत इन दो राज्यों के सभी जिले आ जाते हैं।

विवरण

राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रायोजना-II

(रुपए लाख में)

राज्यों के नाम	जारी किया गया कोष			
	1989–90	1990–91	1991–92	1992–93
1	2	3	4	5
1. हरियाणा	15.21	52.24	70.34	330.79
2. आन्ध्र प्रदेश	21.94	212.11	354.89	425.34
3. गुजरात	3.38	50.93	72.49	98.53
4. कर्नाटक	136.11	149.70	191.66	251.10
5. पंजाब	28.55	71.78	65.49	115.62
6. तमिलनाडु	74.25	184.91	179.49	330.22
7. उड़ीसा	39.44	76.93	126.52	139.33
8. हिमाचल प्रदेश	178.86	187.67	128.19	181.31
9. उत्तर प्रदेश	58.05	171.84	140.02	493.05
10. महाराष्ट्र	104.55	329.13	214.20	318.13
11. मध्य प्रदेश	84.90	200.69	315.56	204.54
12. केरल	56.42	96.32	43.08	125.05
13. राजस्थान	135.36	266.08	125.67	156.38
14. असम	42.90	57.87	102.85	87.89
15. बिहार	63.08	97.15	123.12	66.33
16. पश्चिम बंगाल	26.04	65.75	212.63	114.61
17. जम्मू एवं काश्मीर	33.14	34.81	189.30	168.21
18. दिल्ली	..	..	..	556.72
कुल :	1102.20	2314.91	2655.50	4163.15